प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बरेली में 2 हज़ार 264 करोड़ रुपए की 545 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : मुरादाबाद में अटल आवासीय विद्यालय का किया उद्‌घाटन।**
2. **11 अगस्त से शुरू हो रहे उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मॉनसून सत्र से पहले विधायकों को मिलेगा एआई प्रशिक्षण : आईआईटी के प्रोफेसर देंगे ट्रेनिंग।**
3. **प्रदेश सरकार रक्षाबंधन पर 8 से 10 अगस्त तक बसों में महिलाओं को देगी एक सहयात्री संग निःशुल्क यात्रा की सुविधा।**

**और**

4. **राज्य में बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण 24 जिले बाढ़ से प्रभावित : मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश सरकार के मंत्री प्रभावित इलाकों का कर रहे है दौरा।**

——————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बरेली में 2 हज़ार 264 करोड़ रुपए की लागत की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री न कहा कि सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ कर काम कर**

रही है। 2017 के बाद से बरेली की पहचान नाथ कॉरिडोर और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए होने लगी है। श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ–सबका विकास की भावना के साथ लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए तत्पर है। बाइट.....

*दो हज़ार सत्रह के बाद नाथ कॉरिडोर बरेली की पहचान बन गई है और डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार तुष्टिकरण नहीं बल्कि विकास के माध्यम से जनता जनार्दन की संतुष्टि का माध्यम बन रही है। विरासत को विकास के कार्यों के साथ जोड़ रही है। आपके जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।*

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और टैबलेट भी बांटे।

———————

मुख्यमंत्री ने आज मुरादाबाद में 1 हज़ार 172 करोड़ रुपए की 87 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पहले उन्होंने 79 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्‌घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है बल्कि संस्कार, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का भी स्रोत बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश आज विकास, शिक्षा और 'एक जनपद एक उत्पाद' जैसे अभियानों से अपनी अलग पहचान बना रहा है।

बाइट.....

*आज उत्तर प्रदेश अपनी विरासत और विकास की इस यात्रा में गौरव की अनुभूति करता है। शिक्षा का एक नया केंद्र बना है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के नाम पर अपनी पहचान बना रहा है। आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के नाम पर बेहतरीन स्वास्थ्य शिक्षा का एक नया केंद्र बनकर उभरा है।*

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र 11 अगस्त से शुरू हो रहा है। सत्रसे पहले सरकार विधायकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए विशेष पहल कर रही है। इसके तहत 10 अगस्त को प्रदेश के विधायकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी जानकारी दी जाएगी। इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में आईआईटी के प्रोफेसर विधायकों को एआई के इस्तेमाल और शासन–प्रशासन में इसके प्रभावी उपयोग के बारे में बताएंगे।

——————————

प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन के मौके पर 8 से 10 अगस्त तक प्रदेश भर की बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा की घोषणा की है। यह व्यवस्था नगर परिवहन और परिवहन निगम की बसों में एक सहयात्री के साथ लागू होगी। भारतीय डाक विभाग ने भी रक्षाबंधन के मद्देनज़र वाटरप्रूफ लिफाफे जारी किए हैं, इनकी कीमत 10 रुपये रखी गई है।

———————————

बाल कल्याण एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य श्रीरामलला के राखी महोत्सव में शामिल होने के लिए आज अयोध्या पहुंची। इस दौरान उन्होंने कुपोषित बच्चों के पोषण के लिए चलाए जा रहे संभव अभियान की समीक्षा भी की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि संभव अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों का जागरुक होना और जन भागीदारी आवश्यक है। बाइट.....

*पोषित बच्चों को पोषित करने के लिए इस जागरूकता अभियान में जन भागीदारी आवश्यक है और जितने भी हमारे बच्चे कुपोषित होंगे, उनकी जानकारी लेंगे और प्रयास हमारा यह होगा कि बच्चे पोषित हो, स्वस्थ हों और अपनी भागीदारी निभाये।*

———————————

उत्तर प्रदेश के एक करोड़ 28 लाख से अधिक लोग अब तक अटल पेंशन योजना से लाभांवित हो चुके हैं। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण के मुख्य महा प्रबंधक प्रवेश कुमार ने आज लखनऊ में यह जानकारी देते हुए इस योजना के प्रचार–प्रसार और जन जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। बाइट.....

*अगर यूपी की बात करें तो यूपी एक बड़ा प्रदेश है और यहाँ से इस स्कीम को काफी अच्छा सपोर्ट मिला है और अभी तक जो ग्रॉस... की बात करें तो एक करोड़ अट्ठाईस लाख से ज़्यादा लोग इसमें जुड़ चुके हैं लास्ट यर यूपी में करीब उन्नीस लाख नए लोग जुड़े थे और इस साल पहले चार महीने में करीब छह लाख पचास हज़ार लोग इसमें ऑल रेडी जुड़ चुके हैं*

*और यूपी में एसबीसी उत्तर प्रदेश और जितने भी.... और बैंक हैं उनका काफी अच्छा सहयोग मिलता है और अचीवमेंट हमेशा ज्यादातर बैंक का सौ पर्सेंट से ज़्यादा रहता है।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेश में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का पहला चरण दो से आठ अगस्त, दूसरा चरण नौसे 12 अगस्त और तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त के बीच आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में अमरोहा के परिषदीय विद्यालयों में तिरंगा राखी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन राखियों को तिरंगा आभार पत्र के साथ सैनिकों को भेजा जाएगा। कानपुर देहात में स्कूलों ने तिरंगा रैली निकाली। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कन्नौज में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन

अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर से विशेष तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————

प्रदेश में बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण 24 जिलों के लगभग 1245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बदायूं, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर और बलिया में गंगा, नैनी में यमुना, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी, अयोध्या में घाघरा और श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण करीब 2 लाख 7 हजार लोग प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की मॉनीटरिंग कर दिशा निर्देश दे रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट......

*प्रदेश के राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 1640 नावों और मोटर बोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। 377 बाढ़ शरणालयों में 41 हजार से अधिक लोगों को रखा गया है जहां उन्हें खाने पीने और चिकित्सा समेत अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके साथ ही 1348 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है, जो प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर निगरानी रख रही हैं। वाराणसी में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि गंगा के जलस्तर में अब कमी हो रही है। बाइट....*

*टोटल मिलाके अट्ठाईस वार्ड है जो आज की डेट में बाढ़ से प्रभावित है। शहर के अंदर इन सभी जगहों पर हमारे करीब चौबिस बाढ़ राहत शिविर चल रहे हैं जिसमें करीब पैंतालीस सौ लोग हैं वर्तमान में और सभी जगहों पर रिलीफ रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहे हैं।*

*बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जल पुलिस और एनडीआरएफ भी लगातार हालात पर नज़र बनाए हुए है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश सरकार के मंत्री भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने आज गाजीपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को सरकार की ओर से पूरी मदद देने का भरोसा दिया। बाइट.....**

*प्रशासन और सरकार पूरी तरह से तटस्थ है और सारे लोग एक्टिव हैं और अभी तक कैजुअल्टी जीरो है। अगर किसी का फसल नुकसान हुआ है तो सरकार उसकी भरपाई भी करेगी। अगर किसी ने जमीन लिया है बटाई पर तो सरकार की नीति बन गयी है कि बटाई करने वालों को सहायता मिले।*

**मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटां में प्रदेश के पूर्वी जनपदों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।**

**(समाप्त)**